## एक नजर

### मंडल अध्यक्ष दगदी के बनने पर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया

**अजमेर. कासं।** भाजपा अजमेर देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा के सानिध्य में भाजपा महिला मंडल द्वारा आशापुरा माता मंडल के नए मंडल अध्यक्ष विजय दगदी के बनने पर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि मंडल में आपकी नेतृत्व क्षमता, मेहनत और समर्पण से संगठन और पार्टी निश्चित रूप से और अधिक सशक्त होगी। हम पूर्ण विश्वास करते हैं कि आपका कार्यकाल न केवल मंडल क्षेत्र के लिए स्वर्णिम सिद्ध होगा, बल्कि पार्टी की मूलभूत विचारधारा को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। आपका यह पद केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि क्षेत्र और समाज के सेवा और विकास का सुनहरा अवसर भी है। हम आशा करते हैं कि आप सभी अपने कार्यों से प्रेरणा और नई ऊर्जा का संचार करेंगे। हमारा पूरा प्रयास संगठन की सेवा और जनता के कल्याण में रहेगा। इस दौरान मंजूदेवी भूतड़ा, राजेश्वरी यादव, जवाजा मंडल अध्यक्ष संतोष रावत, आशापूरा माता मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा देवी, संगीता रावत, शिखा गुप्ता सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### सीकर में हड़ताल पर जाएंगे जलदाय विभाग के कर्मचारी

**सीकर. कासं।** जलदाय विभाग में पानी सप्लाई का काम करने वाले पंप चालक सैलरी नहीं मिलने से परेशान हैं जिसके बाद अब पंप चालकों ने विभाग को हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। पंप चालकों का कहना है कि उन्हें पिछले 4 महीने से सैलरी नहीं मिल रही जिससे उनके सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। पंप चालक मोहित दानोदिया ने बताया कि सीकर में अमृत योजना के तहत पेयजल आपूर्ति के लिए देवेंद्र कंस्ट्रक्शन कंपनी, जोधपुर को टेंडर दिया हुआ है। कंपनी ने पानी सप्लाई के लिए जिन पंप चालकों को अल्प वेतन पर नियुक्त कर रखा है उन्हें चार माह से वेतन नहीं दिया जा रहा।

### स्पीकर ओम बिरला ने किया महाकुंभ स्नान



**कोटा. कासं।** आस्था, अध्यात्म और समरसता के महासंगम महाकुंभ में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सपरिवार पहुंचे। संगम में स्नान किया। इस दौरान उन्होंने देशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। बिरला ने कहा कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अनुपम अभिव्यक्ति है। यहां श्रद्धालु जाति, धर्म और क्षेत्र की सीमाओं को भूलकर एकात्मता के सूत्र में बंधते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने वाला है, जिससे भारत की प्राचीन संस्कृति को नई ऊर्जा मिलती है।

भरतपुर व डीग जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

# आमजन की सुविधाओं को विस्तार देने वाले विकास कार्यों की करें निरंतर मॉनिटरिंग: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**जयपुर. कंचन केसरी**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों के रोडमैप के जरिए भरतपुर व डीग जिले का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस क्षेत्र की भौगोलिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक परिस्थितियों के अनुरूप आधारभूत विकास परियोजनाओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करते हुए आमजन को लाभान्वित करें। शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर भरतपुर व डीग जिले के विकास कार्यों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सड़क, ऊर्जा, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, स्वायत्त शासन, राजस्व, पर्यटन, वन सहित विभिन्न विभाग आमजन की सुविधाओं को विस्तार देने वाले विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करें।

### आधारभूत विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ करें पूरा

शर्मा ने ऊर्जा विभाग को निर्देशित किया कि भरतपुर एवं डीग जिले में बड़ी आबादी को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रगतिरत विकास कार्यों को समय से पूरा किया जाए। उन्होंने स्वायत्त शासन विभाग को निर्देशित किया कि शहरी आबादी के लिए सड़क, बिजली, पानी, साफ-सफाई, सीवरेज जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से संबंधित कार्यों को गुणवत्ता से पूरा करें तथा इनकी निरंतर मॉनिटरिंग भी की जाए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि भरतपुर व डीग जिले में आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यकता के अनुरूप संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग को निर्देश दिए कि भरतपुर व डीग में सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों के सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि देवस्थान विभाग भरतपुर के प्राचीनतम मंदिरों का कार्ययोजना बनाकर सुनियोजित रख-रखाव करे। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण श्रीमती अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास वैभव गालरिया सहित विभिन्न विभागों के शासन सचिव एवं जिला कलक्टर भरतपुर डॉ. अमित यादव, जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल उपस्थित रहे।

### मजबूत सड़क तंत्र से सुगम आवागमन होगा सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भरतपुर व डीग जिले में आमजन के सुगम आवागमन के लिए मजबूत सड़क तंत्र को विकसित किया जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जल संसाधन विभाग द्वारा दोनों जिलों में दशकों पुराने नहरों, बांधों, डिग्गियों का समय-समय पर मरम्मत कार्य किया जाए। जिससे आमजन सहित किसानों को भी इनका पूरा लाभ मिल सके।

# गौरैया संरक्षण के लिए संस्थान ने लगाए चिड़ियाघर और दानापात्र"




**अजमेर. कासं**

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा गौरैया संरक्षण व आसरे के लिए चिडिय़ा घर व दानापात्र लगाए गए। यह कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़, पीएम श्री विद्यालय बालिका विद्यालय गुलाब बाड़ी, बलवंता में आयोजित किया गया। जिसमे छायादार वृक्षों पर कुल 30 चिड़ियाघर व 30 दानपात्र लगा कर गौरैया संरक्षण को बढ़ावा दिया। इस कार्यक्रम में राजगढ़ विद्यालय के उपप्रधानाचार्य महेश श्रीवास्तव ने संस्था के कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रोग्राम कॉर्डिनेटर तोताराम उदयवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया की संस्था का उद्देश्य गौरैया चिड़िया के संरक्षण और संख्या में हो रही गिरावट को रोकना है। गौरैया, जो कि तेजी से विलुप्त होने की कगार पर है, उसे सुरक्षित और अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संस्था द्वारा चिडिय़ा घर और दानापात्र लगाए गए, जिससे गौरैया को आश्रय और भोजन मिल सके। कार्यक्रम संस्था प्रतिनिधि जितेंद्र मेघवंशी का पूर्ण योगदान रहा।

# जिला जंबूरी में स्काउट गाइड कर रहे हुनर का प्रदर्शन

**साहसिक गतिविधियों, क्विज सहित विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन। 18 फरवरी तक होगा जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली का आयोजन**



**जयपुर. कासं**

''सशक्त युवा-विकसित भारत'' की थीम पर जयपुर के गोविंदपुरा रोपाड़ा में आयोजित हो रही राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड की जिला जम्बूरी में युवा स्काउट गाइड अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। जम्बूरी में शनिवार को साहसिक गतिविधियों, क्विज, नगर भ्रमण सहित अन्य विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। सीओ स्काउट शरद शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली में संघवार क्विज प्रतियोगिता के साथ-साथ मंकी ब्रिज, कमांडो ब्रिज, मंकी क्राउलिंग, रस्सी पर चढ़ना, टायर टनल, हाइड्रो क्लोरिक, लेडर क्रॉसिंग, टायर वॉल, बैलेंस बीम, रस्सी कूद, डिब्बे गिरना, रिंग फंसाना जैसी विभिन्न साहसिक गतिविधियों का आयोजन हुआ। राजस्थान के चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य द्वारा जंबूरी का निरीक्षण किया गया इस दौरान उन्होंने स्काउट गाइड से संवाद भी किया। ध्वजारोहण के अवसर पर राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्नालाल ने बतौर मुख्य अतिथि तो वहीं, सहायक राज्य संगठन आयुक्त जयपुर मंडल दामोदर प्रसाद शर्मा ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। मार्च पास्ट कंपटीशन में विभिन्न स्थानीय संघ की टुकड़ियों ने भाग लिया। सी ओ गाइड ऋतु शर्मा ने बताया कि आज विद्यार्थियों को दो दलों में बांटा गया प्रथम दल को नगर भ्रमण के लिए जयपुर शहर के विभिन्न सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दर्शनीय स्थलों के भ्रमण के लिए भेजा गया। जिसमें आमेर किला, हवा महल, जंतर मंतर आदि पर्यटन स्थलों का भ्रमण स्काउट गाइड द्वारा किया गया। सीओ गाइड इंदू तंवर ने बताया कि शाम के सत्र में जयपुर जिले के पंच गौरव के अंतर्गत कबड्डी के मैचों का आयोजन रैली स्थल पर किया गया।

# मिनी बस पलटी, 16 यात्री घायल

### उदयपुर से भींडर जाते हादसा, तेज स्पीड में चला रहा था ड्राइवर

**उदयपुर. कासं**



उदयपुर से भींडर जा रही एक मिनी बस पलट गई। बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने उन्हें बस से बाहर निकाला और हॉस्पिटल पहुंचाया। हादसा बस की तेज स्पीड के कारण हुआ। जानकारी अनुसार बस खेरोदा के आगे अमरपुरा चौराहा के पास पलटी। बस पटलते ही अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों और वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने गाड़ियां रोककर बस में से यात्रियों को निकाला और घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। सूचना पर खेरोदा पुलिस थाना से जाब्ता मौके पर पहुंचा। डिप्टी राजेंद्र जैन भी पहुंचे। हादसे में बस में सवार 16 जने घायल हो गए। 9 सवारी को भींडर हॉस्पिटल और 7 को खेरोदा हॉस्पिटल ले जाया गया। चार लोगों को खेरोदो से उदयपुर रेफर किया गया। वल्लभनगर विधायक उदय लाल डांगी भी मौके पर आए। स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी लेकर खेरोदा हॉस्पिटल में घायलों से मिले। खेरोदा निवासी हुक्मीचंद पुत्र अर्जुनलाल ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उनकी मां अजाबाई (42) बस में सवार होकर भींडर के लिए रवाना हुई थी। बस चालक ने तेज रफ्तार से गाड़ी चलाई, जिससे बस पलट गई। हादसे में अन्य यात्रियों में दिव्या, भोपाल सिंह, धापु कंवर, परथा, हुकम सिंह, रेखा आदि घायल हुए हैं।

# टीबी मुक्त अभियान के संबंध में जिला स्तरीय स्टेक होल्डर्स की कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अलवर. कासं।** कलेक्टर की अध्यक्षता में शनिवार को टीबी मुक्त अभियान के संबंध में जिला स्तरीय स्टेक होल्डर्स की कार्यशाला का आयोजन हुआ। कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिले में 24 मार्च तक टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के विशेष अभियान का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिला परिषद सीईओ, सीएमएचओ, जिला क्षय रोग अधिकारी, सभी बीसीएमओ व जिला आईईसी समन्वयक को निर्देश दिए कि अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कराएं और अभियान के तहत टीबी की समय पर पहचान, उपचार व रोकथाम के लिए काम करें। बैठक में जिला परिषद सीईओ सालुखे गौरव रविंद्र व सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा सहित संबंधित अधिकारी व बीसीएमओ उपस्थित रहे।



# माध्यमिक शिक्षा में नए डीईओ ने किया ज्वाइन

**बीकानेर. कासं**

बीकानेर के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) का जिम्मा रामगोपाल शर्मा को दिया गया है। शर्मा इस समय बज्जू के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्यरत है और उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की दसवीं और बारहवीं परीक्षा को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी के रिक्त पद पर ये जिम्मेदारी रामगोपाल शर्मा को दी गई है। शनिवार को अवकाश के दिन ही शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया। उनके साथ बड़ी संख्या में बज्जू के शिक्षक व कर्मचारी भी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया गया और बाद में उन्हें मिठाई खिलाई गई। शर्मा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए बोर्ड परीक्षा में गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। बोर्ड परीक्षा के लिए तत्काल कंट्रोल रूम बनाने के साथ ही एक-एक सेंटर की छानबीन करने और व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के आदेश दिए गए हैं। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोड़ा ने शर्मा का स्वागत किया।

**ICICI Home Finance**

कार्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, भारत

शाखा कार्यालय: प्लॉट नंबर 1, प्रथम मंजिल, सहयोग भवन, एयरोड्रोम सर्किल, कोटा-324007

शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, होप टॉवर, ऑफिस नंबर-683 बी, सरदारपुरा 9 सी-डी रोड, जोधपुर-342003

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

अचल आस्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, ''जैसी है जहां है'', ''जैसी है जो भी है'' तथा ''जो भी है वहां है'' आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों / गारंटरों/ कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ज्ञात ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय | नीलामी तिथि से एक दिन पूर्व | सरफासी स्टेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (B) | (D) | (C) | (E) | (F) | (G) | (H) | (I) |
| 1. | दीपक पंवार (कर्जदार), लाड बाई (सह-कर्जदार), नीरज पंवार (गारंटर) ऋण खाता सं. LHKOT0001475510 & LHKOT0001475511 & LHKOT0001475512 | प्लॉट नंबर 94 पर स्थित संपत्ति, महर्षि नवल स्वामी आवासीय योजना, राम नगर, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान | रुपए 10,32,566/- 06 फरवरी 2025 | रुपए 7,69,500/- / रुपए 76,950/- | 11 मार्च 2025 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 18 मार्च 2025 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक | 17 मार्च 2025 को अप. 5.00 बजे से पूर्व | भौतिक कब्जा |
| 2. | भोम सिंह (कर्जदार), रसल कंवर (सह-कर्जदार) ऋण खाता सं. LHJOD00001301350 | फ्लेट नंबर 305, ब्लॉक नंबर सी, दूसरी मंजिल, खसरा नंबर 17, खोखरिया, जोधपुर, राजस्थान | रुपए 7,97,270.27 06 फरवरी 2025 | रुपए 11,23,362/- / रुपए 1,12,336/- | 11 मार्च 2025 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 18 मार्च 2025 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक | 17 मार्च 2025 को अप. 5.00 बजे से पूर्व | भौतिक कब्जा |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी मैटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल लिंक -https://assets.matexauctions.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 17 मार्च 2025 के अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित चुकाने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड शाखा पता ऊपर शीर्ष पर वर्णित में 17 मार्च 2025 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, शाखा पता ऊपर शीर्ष पर वर्णित में 17 मार्च 2025 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से ''आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी'' के पक्ष में शाखा पता ऊपर शीर्ष पर वर्णित में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड से 9920807300 पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें: https://www.icicihfc.com/

तिथि: 16 फरवरी 2025
स्थान: कोटा, जोधपुर

प्राधिकृत अधिकारी, ''आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड''
सीआईएन नंबर: U65922MH1999PLC120106

**CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED**

**कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड**

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय:- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय:- 9बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110060

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के तहत कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) (''उक्त कर्जदार(रों)'') से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान सीजीसीएल को, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, ऋण अनुबंध के साथ पठित अन्य दस्तावेजो/प्रलेखों, यदिकोई, जो उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित किया गया है, के तहत देय आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार (रों) द्वारा ऋण की प्रतिभूति के लिए निम्नलिखित आस्तियां सीजीसीएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल संपत्ति) |
|---|---|---|---|
| 1 | (ऋण खाता संख्या LNMEJO1000153653 (पुराना) 80300005831790 (नया) (जोधपुर शाखा) श्री अरिहंत कुमार जैन पुत्र श्री पन्ना कुमार (कर्जदार) श्री कमल किशोर पारसमल जैन पुत्र श्री पारसमल जैन, श्रीमती किरण के. पुत्री श्री मूल चंद (सह-कर्जदार) | 07/02/2025 रुपए 33,24,159/- | **संपत्ति के समस्त अंश व खंड:** भूमि एवं भवन पट्टा संख्या 5, मिसल संख्या 39/76, भूमि क्षेत्र का माप 1508 वर्ग फीट, महाजनों का बास, ग्राम पंचायत-दनवाड़ा, स्थित ग्राम दनवाड़ा, पंचायत समिति ओसियां, जिला जोधपुर, राजस्थान-342037, सीमाबद्ध: पूरब: सड़क व पन्ना लाल की दुकान, पश्चिम: आम रास्ता, उत्तर: पन्ना लाल का मकान, दक्षिण: गुलाब चंद व अन्य का मकान। **संपत्ति नंबर 2:** संपत्ति के समस्त अंश व खंड: भूमि एवं भवन पट्टा संख्या 6, मिसल संख्या 38/76, भूमि क्षेत्र का माप 2488 वर्ग फीट, महाजनों का बास, ग्राम पंचायत-दनवाड़ा, स्थित ग्राम दनवाड़ा, पंचायत समिति ओसियां, जिला जोधपुर, राजस्थान-342037, सीमाबद्ध: पूरब: आम रास्ता, पश्चिम: आम रास्ता व इंद्रचंद का बाड़ा, उत्तर: बाबू सिंह पुत्र विशन सिंह को बेचान, दक्षिण: पारसमल का मकान व चौक। |
| 2 | (ऋण खाता संख्या LNMEBAR000106401 (पुराना) 80300005553689 (नया) (बारां शाखा) श्री अजय नागर पुत्र श्री विजय कुमार नागर (कर्जदार) श्रीमती अनोख बाई नागर पत्नी श्री विजय कुमार नागर, श्री विजय कुमार नागर पुत्र श्री माधो लाल नागर, श्री ललित नागर पुत्र श्री विजय नागर (सह-कर्जदार) | 07/02/2025 रुपए 93,29,222/- | **संपत्ति नंबर 1: संपत्ति के समस्त अंश व खंड:** भूमि एवं भवन प्लॉट संख्या 11, भूमि क्षेत्र का माप 1860 वर्ग फीट, स्थित खसरा नंबर 791, मल-बारां, काई की बाड़ी, शिव कॉलोनी के पास, जिला बारां, राजस्थान-325205, सीमाबद्ध संपत्ति नंबर 1: पूरब: अन्य की संपत्ति, पश्चिम: आम रास्ता, उत्तर: प्लॉट नंबर 12, दक्षिण: प्लॉट नंबर 10 **संपत्ति नंबर 2: समस्त अंश व खंड:** व्यावसायिक संपत्ति भूमि एवं भवन दुकान बिना छत अधिकारों के, प्लॉट क्षेत्र का माप 574 वर्ग फीट, स्थित सदर बाजार, राजपुरा वार्ड, मुख्य बाजार, जिला बारां, राजस्थान 325205, सीमाबद्ध संपत्ति नंबर 2: पूरब: मकान व मद्रास क्लॉथ स्टोर की दुकान, पश्चिम: पंचायत आदि गौड़ की दुकान व खुली भूमि, उत्तर: सड़क, दक्षिण: सड़क व गली। |
| 3 | (ऋण खाता संख्या LNMEBU1000154994 (पुराना) 80300005667309 (नया) (बूंदी शाखा) श्री सुरेश चंद्र धाकड़ पुत्र श्री जीत मल धाकड़ (कर्जदार) श्रीमती कांता देवी धाकड़ पत्नी श्री सुरेश चंद्र धाकड़, श्री सुरेश चंद्र धाकड़, श्री सुरेश शर्मा पुत्र श्री किशोर मल शर्मा (सह-कर्जदार) | 11/02/2025 रुपए 22,96,208/- | **संपत्ति के समस्त अंश व खंड:** भूमि एवं भवन पट्टा संख्या 21 व 33, ग्राम गणेशपुरा, बिजोलिया, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान-311602, परिमाप क्षेत्रफल 2125.75 वर्ग फीट (1785 वर्ग फीट + 340.75 वर्ग फीट), सीमाबद्ध: पट्टा संख्या 21 की सीमाएं: पूरब: गली व सुगन लाल/नारायण धाकड़ का मकान, पश्चिम: मदन पुत्र जगन्नाथ धाकड़, उत्तर: गली व सुगन लाल/नारायण धाकड़ का मकान व स्वयं का मकान, दक्षिण: आम रास्ता व स्वयं की भूमि। |

यदि उक्त कर्जदार सीजीसीएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, सीजीसीएल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उक्त कर्जदार उक्त अधिनियम के तहत, सीजीसीएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपरोक्त आस्तियां बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से अंतरित नहीं कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के प्रावधानों अथवा तदधीन विरचित नियमों का उल्लंघन करता है अथवा उल्लंघन हेतु अभिप्रेरित करता है, उक्त अधिनियम के तहत दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

स्थान: राजस्थान दिनांक: 16/02/2025 हस्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी) वास्ते कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल)

**MAGNANIMOUS TRADE & FINANCE LIMITED**

**Regd. Office:** Ground Floor, Shop No. 188/2, Shyam Dham Heights, Rampura, Patrakar Colony, Jaipur Rajasthan 302034
**Corporate office:** C/o Goyal Auto Parts, Ground Floor, Room No. 8C, 12A Netaji Subhash Road Kolkata West Bengal 700001
**CIN No.** L65923RJ1991PLC059251 | **Telephone:** 0141-2373164, 2373364 | **Email:** miel1@rediffmail.com | **Website:** mtfl.in

**UNAUDITED STANDALONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER & NINE MONTHS ENDED ON 31ST DECEMBER, 2024** (Rs.in Lakhs excluding earning per share)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Nine months ended | | Year ended | Quarter ended | | | Nine months ended | | Year ended |
| | | 31.12.2024 | 30.09.2024 | 31.12.2023 | 31.12.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2024 | 31.12.2024 | 30.09.2024 | 31.12.2023 | 31.12.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2024 |
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations (net) | 909.97 | 32.96 | 10.89 | 964.88 | 63.99 | 3717.03 | 909.97 | 32.96 | 10.89 | 964.88 | 63.99 | 3,717.03 |
| 2 | Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 712.60 | (1.13) | (2.74) | 650.05 | 19.31 | 2240.09 | 712.60 | (1.13) | (2.74) | 650.05 | 19.31 | 2,240.09 |
| 3 | Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 712.60 | (1.13) | (2.74) | 650.05 | 19.31 | 2240.09 | 712.51 | (0.95) | (2.90) | 651.87 | 19.46 | 2,241.01 |
| 4 | Profit/(Loss) for the period after Tax (afer Exceptional and/or Extraordinary items) | 713.06 | 0.06 | 2.21 | 652.48 | 19.12 | 1827.65 | 712.97 | 0.24 | 2.05 | 654.31 | 19.27 | 1,828.57 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after Tax)] | 713.06 | 0.06 | 2.21 | 652.48 | 19.12 | 1827.65 | 712.97 | 0.24 | 2.05 | 654.31 | 19.27 | 1,463.04 |
| 6 | Paid up equity share capital (Face Value of Rs.10/- each) | 95.15 | 95.15 | 95.15 | 95.15 | 95.15 | 95.15 | 95.15 | 95.15 | 95.15 | 95.15 | 95.15 | 95.15 |
| 7 | Basic and diluted EPS (Not Annulized) (Rs.) | | | | | | | | | | | | |
| | Basic | 74.94 | 0.01 | 0.23 | 68.57 | 1.92 | 192.02 | 74.93 | 0.03 | 0.22 | 68.77 | 2.03 | 153.76 |
| | Diluted | 74.94 | 0.01 | 0.23 | 68.57 | 1.92 | 192.02 | 74.93 | 0.03 | 0.22 | 68.77 | 2.03 | 153.76 |

The Results, along with the Auditor's Limited Review Report, have been posted on the Company's website at **https://mtfl.in** and can be accessed by scanning the QR Code.
Note: The above intimation is in accordance with regulation 33 read with Regulation 47 (1) of the SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulations, 2015

**Date :** 14.02.2025
**Place :** Jaipur

By Order of the Board of Directors
For **Magnanimous Trade & Finance Ltd.**
**(Sudhir Kumar Parasrampuria)**
(Managing Director) **DIN:** 00358982